हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 7 मई 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


4 चौथी कार्यक्रम से लौट रहे ग्रामीणों से भरा तेज रफ्तार पिकअप मोहरसोप घाट पर पलटा



4

## खबर संक्षेप

### पुष्पा होंगी कोरिया की नई कलेक्टर



**बैकुण्ठपुर।** राज्य सरकार ने प्रशासनिक फेरदबल के तहत आईएएस अधिकारियों के तबादला आदेश 6 मई को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश जारी किया गया। इसमें कोरिया एवं एमसीबी जिले के कलेक्टर भी प्रभावित हुए हैं, वहीं एमसीबी जिले के कलेक्टर संतन देवी जांगडे जो एमसीबी जिले की पहली महिला कलेक्टर होंगी तथा कोरिया के नए कलेक्टर सुश्री पुष्पा साहू होंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी का स्थानांतरण कलेक्टर बलरामपुर रामानुजगंज के रूप में हुई, वहीं कलेक्टर एमसीबी डी.राहुल वेंकट को आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास तथा सचिव लोक सेवा आयोग की जिम्मेदारी दी गई।

### हाई व हायर सेकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा आज से

**अनूपपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा वर्ष 7 मई से प्रारंभ होने जा रही है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में जिले में परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### 25 मई को मानस भवन में लगेगा शिविर

**बैकुण्ठपुर।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन कोरिया द्वारा 25 मई को नगर पालिका बैकुंठपुर में सुशासन त्योहार के तहत जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन मानस भवन में किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरूण एक्का ने बताया कि शिविर में नगर के सभी वार्डों के नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। यहां विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया जाएगा। शिविर की विशेषता यह रहेगी कि जिला प्रशासन के सभी प्रमुख विभाग एक ही स्थान पर अपने स्टॉल लगाएंगे, जहां नागरिक अपनी समस्याएं सीधे दर्ज करा सकेंगे और संबंधित अधिकारियों द्वारा उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा। संवाद से समाधान की भावना के साथ यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास है। इस दौरान नगर के समग्र विकास को लेकर नागरिकों से सुझाव भी लिए जाएंगे। जिससे भविष्य की योजनाओं को और प्रभावी बनाया जा सके। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे एवं सीएमओ श्री एक्का ने शिविर में शामिल होने की अपील की है।

वन क्षेत्र परिक्षेत्र देवगढ़ रेंज का मामला

# गजराज दल का आतंक : घर में घुसकर विधवा को कुचल डाला, इलाके में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र में हाथियों के दल ने एक बार फिर दहशत फैला दी है। 5 मई की देर रात शेराडांड गांव में गजराजों के झुंड ने एक विधवा महिला को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे इलाके में भय का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका सनबसिया उम्र लगभग 58 वर्ष पति स्व. बृजलाल चेरवा, मूलतः ग्राम चंदहा की निवासी थीं, जो शेराडांड जंगल में झोपड़ीनुमा घर बनाकर अकेले रह रही थीं। देर रात हाथियों का दल उनके घर के पास पहुंचा और झोपड़ी को तोड़ते हुए महिला को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वन परिक्षेत्र देवगढ़ के एसडीओ एसके पांडे और रेंजर उमेश पैकरा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। रेंजर ने अपने निजी वाहन से शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत पहुंचाया और आवश्यक कार्रवाई कराई गई। घटना के बाद मृतका के परिजनों को तात्कालिक राहत के रूप में 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। वन विभाग ने आगे की मुआवजा प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है। इस घटना के बाद पूरे वनांचल क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीण रात में घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने, जंगल की ओर न जाने और हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हाथियों का दल लगातार विचरण कर रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से हाथियों को सुरक्षित स्थान पर खदेड़ने और स्थायी समाधान की मांग की है।





## शौच के लिए निकले बुजुर्ग को तेंदुए ने बनाया शिकार

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ वनमंडल अंतर्गत भरतपुर विकासखंड के कुंवारपुर वन परिक्षेत्र स्थित डोंगरी टोला (चांटी) में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां शौच के लिए घर से बाहर निकले एक बुजुर्ग को तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कुंवार पिता बोड़ा उम्र लगभग 55 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे घर से बाहर शौच के लिए निकले थे, तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। तेंदुआ उन्हें घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया, जहां उसने उन्हें अपना शिकार बना लिया। काफी देर तक जब बुजुर्ग घर नहीं लौटे तो परिजन और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की, इसके बाद जंगल के भीतर उनका शव बरामद हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से तेंदुए की मौजूदगी महसूस की जा रही थी। कई बार मवेशियों पर हमले की घटनाएं भी सामने आई थीं, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि यदि समय रहते निगरानी बढ़ाई जाती और तेंदुए को पकड़ने के प्रयास किए जाते, तो आज एक निर्दोष व्यक्ति की जान नहीं जाती। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने वन विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक तेंदुए को पकड़ा नहीं जाता, तब तक वे खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। तेंदुए की तलाश के लिए ट्रैकिंग की ⏭ शेष पेज 4 पर



# वाटर प्लांट और आइसक्रीम पार्लरों पर औचक जांच

### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग शासन के निर्देशानुसार जिले में सही दवा शुद्ध आहार यही छग का आधार अभियान के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को मिलावट रहित खाद्य सामग्री और मानक गुणवत्ता की दवाएं उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत सोमवार को अभिहित अधिकारी नीलम ठाकुर के नेतृत्व में टीम ने डुमरिया, पटना और बैकुंठपुर क्षेत्र में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माताओं एवं विक्रेताओं के लगभग 7 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान लाइसेंस, मेडिकल फिटनेस, वॉटर टेस्टिंग, पैकेजिंग मटेरियल रिपोर्ट, पेस्ट कंट्रोल, बिल रिकॉर्ड सहित आवश्यक दस्तावेजों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। मंगलवार को बैकुंठपुर मुख्यालय के 5 आइसक्रीम पार्लरों में औचक दबिश दी गई। निरीक्षण के दौरान आइसक्रीम को निर्धारित तापमान में रखने, थर्मामीटर लगाने, पिघली हुई आइसक्रीम को दोबारा न बेचने तथा एफआईएफओ नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी कड़ी में 5 मई को औषधि प्रकोष्ठ की ⏭ शेष पेज 4 पर



## मिश्रित फलदार पौधरोपण पर किए लाखों खर्च

**बैकुण्ठपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए मनरेगा योजना के तहत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पौधरोपण के नाम पर लाखों रूपए खर्च किए गए, लेकिन रोपे गए पौधों की उचित देख-रेख नहीं किए जाने के कारण कुछ जगहों पर लाखों फूंकने के बाद धरातल सूखी ही दिखाई दे रही है, कुछ वर्ष पूर्व रोपे गए रोपड़ स्थल पर आज हरियाली नजर नहीं आती।

■ रोपण स्थल पर हरियाली नहीं

जिले के विभिन्न पंचायतों अंतर्गत पौधरोपण कार्य की जांच कराई जाए तो भारी गड़बड़ी उजागर हो सकती है, जहां पर्यावरण संरक्षण एवं मानव रोजगार देने के लिए लाखों रूपए फूंके, लेकिन रोपण स्थल पर जमीन सूखा पड़ा है। इसी तरह का हाल जनपद सोनहत अंतर्गत वन ग्राम आनंदपुर की है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद सोनहत अंतर्गत ग्राम पंचायत नौगई के आश्रित ग्राम आनंदपुर में वर्ष 2021 में मनरेगा के तहत मिश्रित फलदार पौधों का रोपण किया गया था, वहां आज ⏭ शेष पेज 4 पर



### जिम्मेदारों की भी मिलीभगत

मनरेगा के तहत ग्राम आनंदपुर में लाखों खर्च कर मिश्रित फलदार पौधरोपण का कार्य किया गया, लेकिन आज एक भी पौधे जीवित नहीं बचे हैं, जबकि तकनीकी सहायक व जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्य का भौतिक सत्यापन कर भुगतान की स्वीकृति दे दी और राशि आहरित कर लिया गया जो सीधे तौर पर मिली भगत की ओर इशारा करता है।

### रोपण में रूची संरक्षण में नहीं

ग्राम पंचायत आनंदपुर में लाखों रूपए मनरेगा के तहत खर्च कर मिश्रित फलदार पौधे वर्ष 2021 कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत नौगई द्वारा उत्साह के साथ विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया, इसके लिए भारी भरकम सरकारी राशि खर्च की गई, लेकिन लगाए गए पौधों की देख भाल व सुरक्षा यानी रोपित पौधों की संरक्षण को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई, इसके चलते आज लगभग 5 वर्ष रोपण स्थल पर एक भी फलदार पौधे नहीं दिखाई देते।

## जनकपुर नपं में अधिकारियों-कर्मचारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



छग शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहारी 2026 के सफल आयोजन को लेकर नगर पंचायत जनकपुर द्वारा विस्तृत आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं, ताकि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

जारी आदेश के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। प्रथम शिविर 12 मई, द्वितीय शिविर 19 मई तथा तृतीय शिविर 26 मई को आयोजित होगा। इन शिविरों में वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा बाद में समाधान शिविरों के माध्यम से उनका निराकरण किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए पवन कुमार साहू उप अभियंता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अन्य कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इनमे लेखापाल शिव प्रकाश उर्मलिया, मो. हबीब खान, दीपक कुमार सोंधिया, डाटा एंट्री ऑपरेटर संतोष कुमार सिंह, रूपेश समुद्रे, स्वच्छता कमांडो अनिल कुमार केवट, पंप ऑपरेटर मो. शाहिद खान एवं प्रकाश द्विवेदी शामिल हैं। इन कर्मचारियों को शिविरों में आम जनता से आवेदन प्राप्त करने, उन्हें पंजीबद्ध करने, ऑनलाइन दर्ज करने तथा शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा शिविर स्थल पर सामग्री व्यवस्था, जलपान और अन्य आवश्यक सुविधाओं की जिम्मेदारी भी तय की गई है। शिविरों का आयोजन आंगनबाड़ी केन्द्र न्यू बस स्टैंड, हरिजन पारा तथा खाल्हेपारा में किया जाएगा, जहां सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आम नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। नगर पंचायत प्रशासन ने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करें। आदेश में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सुशासन तिहारी 2026 के माध्यम से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## जनसमस्या निवारण शिविर में 514 आवेदन, 72 निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत मंगलवार को बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम सोंस में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कनेर और आम के पेड़ों की ठंडी छांव में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। भीषण गर्मी को देखते हुए आयुष विभाग द्वारा पानकम शीतल पेय की व्यवस्था की गई, जिससे लोगों को राहत मिली। आम लोगों ने इस व्यवस्था की सराहना की।

■ सुशासन तिहार 2026 के तहत सोंस में आयोजन

कार्यक्रम में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उन्हें केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा श्रम कार्ड जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इनका अधिक से अधिक लाभ उठाया जाए। विधायक ने कृषि, वन सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में लगे स्टालों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने ग्रामीणों से सीधे उनकी समस्याएं सुनीं और कई आवेदनों को मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को सौंपकर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने किसानों से एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक किसानों का यह पंजीयन जरूरी है ताकि केन्द्र व राज्य सरकार की किसान हितकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने रासायनिक खाद के बदले नैनो यूरिया, डीएपी को अपनाने की बात कही साथ ही मृदा परीक्षण कराने के लिए किसानों को प्रेरित की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी कार्यों को जिम्मेदारी से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसीलदारों को शिविर स्थल पर ही आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र वितरण सुनिश्चित करने को कहा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान हितग्राहियों को एचपीवी कार्ड, आयुष्मान एवं वय वंदन कार्ड, पोषण आहार बॉक्स, श्रमिक पंजीयन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के तहत मकान की चाबी एवं प्रमाण पत्र, मछली जाल और आइस बॉक्स का वितरण किया गया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अन्नप्राशन ⏭ शेष पेज 4 पर




## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि - 10.05.2026**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 11.06.2026**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस (MIPS)**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स**

**महोदय,**

............................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ............................
2. पिता/पति का नाम ............................
3. जन्मतिथि अंकों में ............................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ............................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ............................
   मोबाइल नंबर ............................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ............................
7. शैक्षणिक योग्यता ............................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।







## एक ही जिले में कई लापता मामलों ने बढ़ाई चिंता

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में अलग-अलग समय पर लापता हुए कई युवाओं और एक युवती के मामलों ने एक बार फिर गंभीर रूप ले लिया है। लंबे समय बीत जाने के बाद भी इन सभी का कोई सुराग नहीं मिल पाने से परिजन की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

■ पुलिस ने तेज की खोज, आमजन से सहयोग की अपील

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने एक साथ सभी प्रकरणों में खोजबीन तेज कर दी है और आम नागरिकों से सहयोग की अपील की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना चिरमिरी एवं झगराखण्ड क्षेत्रों में दर्ज गुम इंसान प्रकरणों में कई लोग वर्षों से लापता हैं। इनमें 26 वर्षीय विनोद कुमार प्रजापति निवासी चित्ताझोर पोंडी क्षेत्र शामिल हैं, जो कदमहारा से कोरिया जाने के दौरान हल्दीबाड़ी टैक्सी स्टैंड से लापता हो गए थे, इसके अलावा 30 वर्षीय अजय कुमार निवासी गोदरीपारा जो रायपुर के सिलतरा स्थित स्टील प्लांट में कार्यरत था, लगभग 6 वर्ष पूर्व अचानक लापता हो गया। वहीं 18 वर्षीय सुनील कुमार सिंह निवासी आजाद नगर गोदरीपारा जो पारिवारिक विवाद के बाद घर छोड़कर चला गया था, उसका भी अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। 18 वर्षीय युवती हिना केवट निवासी झगराखण्ड, जो 23 दिसंबर 2025 ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### गायत्री भूमिगत परियोजना के प्रभावित भू-विस्थापितों के पुनर्वास हेतु बैठक

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के गायत्री भूमिगत परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि के लिए कोल इंडिया पुनर्वास एवं पुनस्थापना नीति 2012 के प्रावधानों के तहत जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुनस्थापना समिति की बैठक प्रभावित भू-स्वामियों के पुनर्वास एवं रोजगार के मुद्दे पर जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना समिति की बैठक जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष अलग अलग तिथियों को आयोजित की गई है,जिसमें जोबगा के ग्रामीणों के लिए 8 मई के शाम 4 बजे, पोड़ी के ग्रामीणों के लिए 12 मई को शाम 4 बजे एवं गेतरा के ग्रामीणों के लिए 14 मई को शाम 4 बजे जिला संयुक्त कार्यालय सूरजपुर में बैठक आयोजित की गई है,उक्त बैठक कोल इंडिया पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना नीति 2012 के तहत गठित समिति द्वारा आयोजित की जा रही है।

### सूरजपुर जिले के एक दर्जन सहायक उपनिरीक्षकों का तबादला

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले में प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से करीब एक दर्जन सहायक उपनिरीक्षकों (एएसआई) का तबादला कर नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। इस फेरबदल में सलका-उमेश्वरपुर के चौकी प्रभारी एएसआई संजय यादव को पद से हटाते हुए झिलमिली भैयाथान थाना भेज दिया गया है। उनकी जगह बिश्रामपुर थाने में पदस्थ एएसआई गुड्डू कुशवाहा को उमेश्वरपुर सलका का नवीन चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। करंजी चौकी प्रभारी एएसआई संतोष सिंह को रेवटी चौकी का प्रभारी बनाया गया है, वहीं बिश्रामपुर थाने में पदस्थ एएसआई विशाल मिश्रा को करंजी चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। रेवटी चौकी प्रभारी एएसआई कृष्णा सिंह को लाइन अटैच किया गया है। इसके अलावा भटगांव थाने में पदस्थ एएसआई नंदलाल तथा प्रतापपुर थाने में पदस्थ एएसआई हरिशंकर तिवारी तथा लाइन में पदस्थ एएसआई अशोक साहू को बिश्रामपुर थाने में पदस्थापना दी गई हैएएसआई विवेकानंद सिंह को लाइन से भटगांव तथा एएसआई माणिक चंद को लटोरी से भटगांव स्थानांतरित किया गया है,वहीं एएसआई विनोद सिंह को रेवटी से चंदौरा थाना में पदस्थ किया गया है।गौरतलब है कि उमेश्वरपुर चौकी प्रभारी रहे एएसआई संजय यादव के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों ने उनके कार्यशैली को लेकर लगातार मोर्चा खोला हुआ था जिस पर जांच कराई जा रही है।

### पड़ोसी के घर खेलने गई नाबालिग से दुष्कर्म पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनगरा।** पड़ोसी घर खेलने गई बालिका को अकेला देख अधेड़ ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़ित बालिका के परिजन ने घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामला को गंभीरता से लेते हुए न सिर्फ आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया बल्कि आरोपी को दूसरे गांव से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 9 वर्षीया बालिका रविवार की दोपहर पड़ोसी के घर में खेलने गई थी। इसी दौरान 55 वर्षीय आरोपी ने बालिका को अकेला देखकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इधर घटना के बाद जब मामला परिजन के संज्ञान में आया तो परिजन तत्काल घटना की शिकायत पुलिस से की। शिकायत मिलते ही भटगांव पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को दूसरे गांव से गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध धारा 65 (2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर किया है। घटना के बाद पीड़िता की सुरक्षा और काउंसलिंग को ध्यान में रखते हुए उसे बाल कल्याण समिति सूरजपुर भेज दिया गया है। भटगांव पुलिस मामले के अन्य सभी पहलुओं पर भी गहनता से जांच कर रही है ताकि आरोपी के खिलाफ कड़े साक्ष्य जुटाए जा सकें। इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश का माहौल है।

### युवक ने यात्री प्रतीक्षालय में फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**डांड़गांव।** एनएच 130 स्थित यात्री प्रतीक्षालय में युवक ने अज्ञात कारण से गमछा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। गुमगा चारपारा निवासी लक्ष्मण आ. श्रीराम (18 वर्ष) बीती रात एनएच 130 डांड़गांव स्थित यात्री प्रतीक्षालय में गमछा के सहारे फांसी लगा लिया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी उस समय लगी जब रात में ग्रामीणों ने मृत हालत में युवक को फांसी में लटका देखा। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजन को सूचना दी। साथ ही पुलिस टीम द्वारा मृतक का शव को पीएम के लिए सीएससी उदयपुर ले जाया गया। बहरहाल मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## डेढ़ घंटे के भीतर 34.1 मिमी वर्षा

# विक्षोभ के प्रभाव से बदला मौसम, तेज गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- गिरा दिन-रात का तापमान

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ एवं विक्षोभ के प्रभाव से देश के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय मौसमी घटकों के प्रभाव से मौसम में व्यापक बदलाव आया है। सोमवार की रात सरगुजा संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई वहीं अम्बिकापुर में मंगलवार को तड़के तेज गरज-चमक के साथ मूसलाधार वर्षा हुई। मौसम कार्यालय द्वारा 34.1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मई की शुरूआत से ही उत्तर भारत में लगातार सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में व्यापक बदलाव आया है। विक्षोभ के प्रभाव से विभिन्न क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका सक्रिय होने के कारण पिछले एक सप्ताह से अलग-अलग क्षेत्रों में अंधड़ के साथ बारिश होने से दिन एवं रात के तापमान में गिरावट दर्ज करने के साथ गर्मी से राहत मिल गई है। मौसम में आए बदलाव के कारण आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ गई है तथा बीच-बीच में लगातार बादल छा रहे हैं। दक्षिण भारत में पूर्व में सक्रिय प्रति चक्रवात के प्रभाव से वातावरण में पूर्व से ही पर्याप्त नमी मौजूद है वहीं सोमवार को उत्तर भारत में सक्रिय ताकतवर विक्षोभ के प्रभाव से



सड़क के गड्ढों में भरा बारिश का पानी।

मध्य क्षोभमण्डल में द्रोणिका प्रभावी है वहीं हरियाणा, दक्षिणी पूर्व राजस्थान, दक्षिणी मध्यप्रदेश एवं पूर्वी उत्तरप्रदेश में चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। विक्षोभ के प्रभाव से दक्षिणी मध्यप्रदेश से मन्नार की घाटी तक तथा उड़ीसा के निकट तक अलग-अलग द्रोणिका प्रभावी है जिसके प्रभाव से लगातार नमी पहुंच रही है। विक्षोभ एवं विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय सिस्टम के प्रभाव से सोमवार को रात्रि 10 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई। मंगलवार को तड़के 5.30 बजे तेज गरज-चमक के साथ अम्बिकापुर सहित आसपास के क्षेत्रों में आधे घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई इस दौरान सुबह 7 बजे तक वर्षा एवं गरज-चमक होती रही। मौसम कार्यालय द्वारा डेढ़ घंटे में 34.1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। सिस्टम के प्रभावी होने के कारण मौसम विज्ञानी मंगलवार को रात में भी गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। झमाझम बारिश होने से 24 घंटे के भीतर दिन के पारा में 4 डिग्री एवं रात के पारा में 6.7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा सोमवार को अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो बारिश के बाद गिरकर क्रमशः 32.7 डिग्री एवं 17.5 डिग्री पर पहुंच गया है।

### आगामी सप्ताह भी रहेगा राहत भरा

मौसम विज्ञानी आगामी सप्ताह भी राहत भरा रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि 10 मई को उत्तर भारत में एक नया पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। वर्तमान में सक्रिय सिस्टम के प्रभाव से 9 मई तक 50-60 मिमी प्रति घंटे की रफ्तार की आंधी चलने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। भीषण गर्मी पड़ने के कारण अप्रैल के अंतिम दिनों में दिन का तापमान 42 डिग्री पहुंच गया था लेकिन मई की शुरूआत से ही कुछ क्षेत्रों में अंधड़ चलने एवं बारिश होने से गर्मी से राहत है। मौसम विज्ञानी आगामी सप्ताह में भी कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

## वरिष्ठ पार्षद विजय को बनाया गया जन भागीदारी समिति का अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



वरिष्ठ पार्षद और समाज सेवी विजय सोनी को शासकीय कन्या महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। जन भागीदारी समिति के अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत ने नियुक्ति आदेश जारी किया।

बता दें कि विजय सोनी वर्तमान में भाजपा से पार्षद है इसके साथ ही वे समाज सेवा के कार्य से भी जुड़े हुए है। कलेक्टर अजीत वसंत ने महाविद्यालयों के लिए जन भागीदारी समिति के अध्यक्षों की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने शासकीय कन्या महाविद्यालय के लिए जन भागीदारी समिति का अध्यक्ष भाजपा से वरिष्ठ पार्षद और समाज सेवी विजय सोनी को बनाया है। नव नियुक्ति पर पार्षद विजय सोनी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे शिक्षा के विकास, पारदर्शिता और छात्र कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि महाविद्यालय की अधोसंरचना को मजबूत बनाने और शैक्षणिक वातावरण को बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी समिति के माध्यम से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा ताकि छात्रों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण और अभिभावकों के साथ समन्वय स्थापित कर छात्रों के शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेंगे। विजय सोनी ने यह भी संकेत दिया कि वे महाविद्यालय में नवाचार को बढ़ावा देने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विशेष पहल करेंगे। उनका मानना है कि वर्तमान समय में केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा ही नहीं, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि विजय सोनी लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं और नगर में उनकी पहचान एक सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में है। विभिन्न सामाजिक और जनहित के कार्यों में उनकी भागीदारी सराहनीय रही है।

### उर्स के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु समिति की बैठक 11 को

**अम्बिकापुर।** आगामी 20, 21 एवं 22 मई 2026 को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरगुजा जिले में उर्स आदर्श ग्राम तकिया मजार शरीफ में शांतिपूर्वक मनाये जाने के संबंध में शांति समिति की बैठक जिला कलेक्टरेट कार्यालय के सभा कक्ष में 11 मई को 4 बजे अपर जिला दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। उन्होंने उक्त बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है।

## सुशासन तिहार शिविर, ज्यादातर आवेदनों में स्ट्रीट लाइट, पानी और सहारा ग्राउंड मरम्मत करने की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर में सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को वार्ड क्रमांक 1 से 4 तक नपं कार्यालय में शिविर लगाया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। शिविर के दौरान ज्यादातर आवेदन स्ट्रीट लाइट, पानी, साफ सफाई के साथ-साथ नगर के युवाओं द्वारा आरटीआई कालोनी समीप सहारा ग्राउंड की साफ सफाई एवं समतलीकरण एवं स्थल पर बालू एवं मिट्टी गिराए जाने के आवेदन के माध्यम से मांग की गई है, ताकि आने वाले विभिन्न भर्तियों की तैयारी युवाओं द्वारा आसानी से की जा सके। अगले शिविर का आयोजन वार्ड क्रमांक 5 से 8 तक के लिए 12 मई को आजाद ग्राउंड सामुदायिक भवन में एवं वार्ड क्रमांक 9 से 12 तक 19 मई को ग्लोबल स्कूल में एवं वार्ड क्रमांक 13 से 15 तक 26 मई को नगर पंचायत परिसर में की जाएगी। शिविर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील कुमार तिवारी, नोडल अधिकारी गौरव कुमार अग्रवाल, सहायक नोडल अधिकारी अरविंद यादव, आकाश सिन्हा, परमेश्वर दास, शशि शर्मा, अब्दुल हैदर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### सुशासन तिहार बना जरूरतमंदों का सहारा, गांव में ही मिल रही राहत

**सूरजपुर।** जिले में आयोजित सुशासन तिहार अब केवल शासन की पहल नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभर रहा है। इसका असर तब देखने को मिला, जब रामानुजनगर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत उमापुर में आयोजित समाधान शिविर ने दो महिलाओं के जीवन में बड़ी राहत पहुंचाई। ग्राम पंचायत भुनेश्वरपुर की साक्षी ठाकुर और बरोल गांव की बिमला के लिए यह शिविर किसी वरदान से कम नहीं रहा। राशन कार्ड के लिए आवेदन करने पर दोनों महिलाओं को शिविर में ही त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें राशन कार्ड प्रदान कर दिया गया, जिससे अब वे खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगी। साक्षी ठाकुर ने बताया कि सुविधाओं के लिए कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन जब शासन और प्रशासन खुद गांव तक पहुंच रही है और उनकी समस्या का समाधान मौके पर ही कर रही है ऐसे में बहुत राहत मिलती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार ने ग्रामीणों और प्रशासन के बीच की दूरी को कम कर दिया है। अब अधिकारीयों के स्वयं गांव में आकर आवेदन लेने से समय और संसाधनों दोनों की बचत हो रही है। बिमला भी इस पहल से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि अब उन्हें राशन कार्ड के माध्यम से नियमित रूप से खाद्यान्न मिलेगा, जिससे उनके परिवार को बड़ी राहत मिलेगी।

## दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करना पड़ेगा काम तभी सुरक्षित रहेंगी बेटियां : रामकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- पश्चिम बंगाल चुनाव से वापस लौटे विधायक, इसपर रोकथाम के लिए करें विचार

वंदना में नाबालिग बच्चियों के साथ हुई गैंगरेप की घटना सभ्य समाज के लिए कलंक है। इस पर रोकथाम के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हम सभी को मिलकर काम करना पड़ेगा तभी इस तरह की घटनाओं पर रोकथाम लगेगा और बहन बेटियां सुरक्षित रह पायेंगी। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक रामकुमार टोप्पो ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से वापसी के बाद स्थानीय विश्रामगृह में प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जब यह घटना घटित हुई थी तब वो पश्चिम बंगाल में हो रहे विधानसभा चुनाव की कमान संभाल रहे थे। इस घटना के बाद वो अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से नजर रखे हुए थे और पूरी जानकारी ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी संपर्क बनाए रखा था और सख्ती से जांच के निर्देश दिए थे ताकि गैंगरेप मामले में शामिल सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। पुलिस ने मामले में गंभीरता दिखाई और गैंगरेप मामले के सभी दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ऐसी घटनाओं पर राजनीति रोटी सेंकने के बजाए रोकथाम कैसे हो इस पर विचार करना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का सरकार है। इस सरकार में दोषी चाहे कोई भी हो उसे अपने कर्मो का फल भोगना ही पड़ेगा। नगर समेत क्षेत्र में लूटपाट और चोरी छीनाझपटी की बढ़ती घटना पर



विधायक ने कहा कि इस पर रोकथाम के लिए कारगर उपाय किए जा रहे है। नगर के मुख्य चौक चौराहों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसी टीवी कैमरा लगाए जाएंगे। उन्होंने थाने में सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से पुलिस बल की कमी बताते हुए कहा कि इसके लिए पुलिस के उच्चाधिकारियों से बात चल रही है। उम्मीद है जल्द ही सीतापुर थाने में पुलिस बल की कमी दूर करने के लिए नई नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने पश्चिम बंगाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि आज भी मोदी शाह की जोड़ी का जलवा कायम है। चुनाव को लेकर इन दोनों की सटीक रणनीति और कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत भाजपा ने आजादी के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में जीत का परचम लहराया है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सदावर्ती, विधायक प्रतिनिधि श्रवण दास, राजकुमार गुप्ता, अधिवक्ता सुनील गुप्ता, सुदर्शन सोनी, विष्णु अग्रवाल, संगीता कंसारी, नेमलाल गुप्ता, अनेश्वर गुप्ता, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा संतोषी पावले, स्नेहलता गुप्ता, प्रद्युम्न पैंकरा, रूपेश आर्य गुप्ता, इलु गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भाजयुमो किशन उपाध्याय, संकेत गुप्ता, निर्मल गुप्ता, महेश्वरी दास समेत अन्य मौजूद थे।

## घंघरी-रुखपुर में बनेगा एनीकट, हुआ भूमिपूजन

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के घंघरी-रुखपुर में लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से ऐनीकट बांध निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। यह परियोजना लंबे समय से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग रही थी। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, विधायक प्रबोध मिंज और जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य प्रारंभ होने की घोषणा की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि घंघरी-रुखपुर में ऐनीकट बांध का निर्माण क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे वर्षा जल के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, भूजल स्तर में सुधार होगा और किसानों को सिंचाई के लिए स्थायी जल स्त्रोत उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा और क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा। विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से लंबित मांग आज पूरी हो रही है। ऐनीकट बांध बनने से न केवल सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि जल संकट की समस्या के समाधान में भी मदद मिलेगी। जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, खेती में सुविधा बढ़ेगी और आने वाले समय में कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि जनहित की ऐसी विकास योजनाएं ही गांवों को आत्मनिर्भर बनाने का आधार हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रेमानंद तिग्गा, परसा मंडल अध्यक्ष संतोष जायसवाल, मनीष ली, युवा मोर्चा महामंत्री अविनाश मंडल, युवा मोर्चा परसा मंडल अध्यक्ष रोहन मंडल, राजेश राजवाड़े, दिलीप केशरी, उपसरपंच रवि पैंकरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





## सड़क पर लाश रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- संकल्प अस्पताल में जनरेटर में डीजल डालते समय हादसा, महिला की मौत

संकल्प अस्पताल में महिला सुरक्षा कर्मी का जनरेटर में डीजल डालते समय दुप्पटा पंखे में फँस गया। हादसे में गंभीर महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजन सहित सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग पर लाश को रखकर मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। अस्पताल प्रबंधन के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

अस्पताल में सुरक्षा गार्ड के पद पर पदस्थ श्रीमती अनिशा पति अमित तिग्गा लगभग तीन दिन पूर्व अस्पताल के जनरेटर में डीजल भर रही थी। इसी दौरान महिला की दुपट्टा जनरेटर के पंखे में फंस जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका उपचार संकल्प अस्पताल में चल रहा था। उपचार के दौरान 4 मई को महिला की मौत हो गई। परिजन की मांग पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा 9 लाख रुपए देने के आश्वासन के बाद लगभग दो घंटे चला प्रदर्शन समाप्त हुआ। इधर संकल्प अस्पताल प्रबंधन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि संकल्प अस्पताल की महिला कर्मचारी श्रीमती अनिशा पति अमित तिग्गा गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उनका उपचार संकल्प अस्पताल में गहन चिकित्सा के अंतर्गत निरंतर किया जा रहा था। 4 मई को अपराह्न लगभग 3 बजे उपचार के दौरान उनका दुखद निधन हो गया। इस अत्यंत दुःखद घटना पर संकल्प परिवार गहरा शोक एवं संवेदना व्यक्त करता है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा श्रीमती अनिशा का संपूर्ण उपचार निःशुल्क किया गया। साथ ही उनके परिजन को अंतिम संस्कार हेतु तत्काल 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। 4 मई को ही मृतिका के पति, पिता एवं अन्य परिजन की उपस्थिति में आपसी सहमति से अतिरिक्त मुआवजा राशि निर्धारित करने हेतु बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया था, जो 9 मई को प्रस्तावित थी। 5 मई को अपरिहार्य कारणों से मुआवजा राशि के संबंध में दोपहर लगभग 12 बजे जिला अस्पताल मार्ग पर चक्का जाम किया गया। उक्त स्थिति में शासकीय अधिकारियों, मृतिका के पति, पिता, अन्य परिजन तथा संकल्प अस्पताल प्रबंधन के बीच चर्चा एवं बैठक के उपरांत सम्मानजनक मुआवजा राशि पर सहमति बन गई।

## घर-घर हो रहा मकान सूचीकरण, 30 तक चलेगा व्यापक गणना अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

राज्य में 1 से 30 मई तक संचालित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य जिले में व्यवस्थित रूप से जारी है। इस महत्वपूर्ण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं और विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की गई है।

जिले में कुल 16 चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 9 तहसीलदार - सूरजपुर, लटोरी, भैयाथान, ओड़गी, बिहारपुर, भटगांव, रामानुजनगर, प्रेमनगर एवं प्रतापपुर तथा शहरी क्षेत्रों के लिए 7 मुख्य नगरपालिका अधिकारी - नगर पालिका परिषद सूरजपुर एवं नगर पंचायत विश्रामपुर, शिवनंदनपुर, भटगांव, प्रेमनगर, प्रतापपुर और जरही शामिल हैं। मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य घर-घर जाकर किया जा रहा है। इसके लिए जिले में 1433 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक तैयार किए गए हैं। कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने हेतु 1550 प्रगणक और 269 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। सभी को प्रशिक्षित करने के लिए 33 फील्ड ट्रेनर्स की नियुक्ति कर 3 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। यह पूरा कार्य भारत सरकार द्वारा विकसित मोबाइल एप के माध्यम से किया जा रहा है। सभी प्रगणकों एवं चार्ज अधिकारियों के मोबाइल में एप डाउनलोड कराकर फील्ड में कार्य प्रारंभ करवा दिया गया है। साथ ही प्रगणकों को जनगणना किट सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। जागरूकता बढ़ाने के लिए शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों के ऑटो-टिपर में माइक के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवार, दीवार लेखन एवं समाचार पत्रों



के जरिए लोगों तक जानकारी पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त 13 से 15 मई तक जनगणना कार्य निदेशालय, रायपुर से एलईडी वैन के माध्यम से हाट-बाजार, ग्राम पंचायत सभाओं, मेलों, बड़े स्कूलों और प्रार्थना स्थलों पर नुक्कड़ नाटक कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिले में मकानसूचीकरण एवं गणना का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है और इसे पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से कहा है कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और सही जानकारी प्रदान कर सहयोग करें, ताकि भविष्य की योजनाओं के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

## भाजयुमों ने निकाली विशाल विजय रैली

**अम्बिकापुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने भाजपा की शानदार जीत का जश्न मनाते एक विशाल विजय रैली निकाली। रैली को भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, वरिष्ठ भाजपा नेता हरपाल सिंह भामरा एवं जन्मेजय मिश्रा ने भाजपा का ध्वज दिखाकर रवाना किया। कार्यकर्ताओं की जोशपूर्ण नारों के साथ यह विजय रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई महामाया चौक पहुंची, जहां आतिशबाजी कर भाजपा की इस जीत का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। उल्लेखनीय है कि भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों में दर्ज की गई ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत का उत्साह शहर की सड़कों पर भी देखने को मिला। जिला अध्यक्ष निशांत ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के कुशल मार्गदर्शन तथा भाजपा की विकासोन्मुख नीतियों पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत है। इस ऐतिहासिक विजय से छत्तीसगढ़ का प्रत्येक युवा उत्साहित है और आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प ले रहा है। रैली में भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रिया सिंह, दीक्षा अग्रवाल, अंकित जायसवाल, विकास शुक्ला, शानू कश्यप, अमोघ कश्यप, अनीश सिंह, अविनाश मंडल, शुभम अंबष्ट, अभिषेक सिंह, रवजोत सिंह, शुभम सिंह भदौरिया, आशुमल गर्ग, अनुराग शुक्ला, सौरभ मिश्रा, प्रीतेश दुबे, आदित्य गौतम, अभिषेक माथुर, शैलेन्द्र चौबे, प्रिंस तिवारी, निमेश दुबे, सुधांशु चौबे एवं आयुष दुबे सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोई बना स्टैच्यू, किसी ने नंगे पैर की शिरकत

## मेट गाला में पहुंचे कैटी -मेडोना से लेकर रिहाना तक कई सेलेब्स

*लॉस एंजिल्स। 78वें मेट गाला में दुनिया भर की तमाम दिग्गज हस्तियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान कैटी पेरी और टेयाना टेलर से लेकर बियान्से, मैडोना, किम कार्दशियन, निकोल किडमैन, केंडल जेनर और सबरीना कारपेंटर जैसे कई सेलेब्स के नाम शामिल हैं। इस दौरान कैटी पेरी जहां एस्ट्रोनॉट वाले लुक में पहुंचीं, वहीं डोएची और हैदी क्लैम जैसे कई अन्य सितारों के आउटफिट ने भी लोगों का ध्यान खींचा।*

### सोने की साड़ी, मैंगो पर्स, ईशा ने अपने लुक से किया अट्रेक्ट



ईशा अंबानी पिछले कई साल से मेट गाला में हिस्सा ले रही हैं। इस बार भी ईशा मेटा गाला में अपने लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने इस फैशन इवेंट में सोने की साड़ी, गजरा और मैंगो पर्स लेकर सभी को अट्रैक्ट किया है। सोने सी दमकती साड़ी, हाथों में सजा गजरे साथ कैरी किया गया अनोखा मैंगो-शेप्ड पर्सउनके लुक में चार चांद लगा रहा. ईशा अंबानी का यह पूरा लुक रॉयल लेकिन बेहद सॉफ्ट और ग्रेसफुल था। उनके इस लुक में हर छोटी-बड़ी डिटेल बेहद सोच-समझकर चुनी गई थीचाहे वह साड़ी का टेक्सचर हो, ज्वेलरी का सिलेक्शन या फिर कैरी किया गया मैंगो पर्स।

### अनन्या ने लाइमलाइट बटोरी

अनन्या बिड़ला ने मेट गाला 2026 में अपने डेब्यू से धूम मचा दी। उनका स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर छाया हुआ है। बता दें कि इस बार इवेंट का थीम 'फैशन इज आर्ट' था। अनन्या बिड़ला फेमस डिजाइनर रॉबर्ड वुन के आउटफिट को स्टाइल किया था। ऑल-ब्लैक गाउन के साथ ब्लू का कॉम्बिनेशन काफी शानदार लग रहा है और उनके लुक को क्लासी बना रहा था। उन्होंने मैटेलिक मास्क के साथ अपने लुक को पूरा किया, जो उनके लुक की हाईलाइट बना। इस मास्क की वजह से उनका लुक अलग स्टैंडआउड कर गया और काफी वायरल हो रहा है। अनन्या बिड़ला के काम के साथ उनका स्टाइलिश अंदाज भी काफी चर्चा में रहता है।



**कैटी** : अमेरिकी गायिका कैटी पेरी मेट गाला 2026 की रेड कार्पेट पर बिल्कुल अलग अंदाज में पहुंचीं। सफेद रंग के आउटफिट में कैटी पेरी ने चेहरे पर एक अजीब तरह का मास्क लगाया हुआ था, जो एस्ट्रोनॉट जैसा लुक दे रहा था।

**टेयाना टेलर** : एक्ट्रेस टेयाना टेलर ने 2026 मेट गाला में खास सिल्वर फ्रिंज गाउन पहना था। फर्श तक लंबा यह गाउन पूरी तरह से लंबे, चमकदार मेटैलिक सिल्वर फ्रिंज से ढका हुआ है। इस लुक की खासियत एकइं टीग्रेटेड फ्रिंज हुड है, जो उनके बालों को ढकता है और उनके चेहरे पर आता है।

**बियान्से** : सिंगर-एक्ट्रेस बियान्से मेट गाला में नेक्ड स्कल्टन आउटफिट में पहुंचीं। स्किन कलर के मेश गाउन को चमकदार क्रिस्टल और हीरों से सजाया गया है। इसके ऊपर एक विशाल, रंगीन पंखों वाला कोट है।

**रिहाना** : सिंगर रिहाना ने ग्लेन मार्टेंस द्वारा डिजाइन किए गए इस खास मेसन मार्जिएला आर्टिसनल लुक में 2026 मेट गाला के रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस लुक की सबसे आकर्षक विशेषता उनके कंधों पर लिपटा हुआ गहरे रंग के इस झुर्रीदार कपड़े को एक फोटो फ्रेम की तरह बनाया गया है।

**किम कार्दशियन** : किम कार्दशियन के 2026 मेट गाला के आउटफिट को चमड़े के कारीगरों के अनूठे सहयोग से डिजाइन किया गया। इसका मुख्य आकर्षण एक चमकदार, नारंगी रंग का फाइबरग्लास बॉडीसूट है। इसमें नीचे लेदर की स्कर्ट है।

**डोएची** : अमेरिकी रैपर-सिंगर डोएची के आउटफिट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वो एक बरगंडी रंग के कस्टम आउटफिट में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। यह एक बेहद पतला, बहने वाला बरगंडी रैप ड्रेस है जिसमें एक कट-आउट बॉडीस है और एक बोल्ड लेग स्प्लिट है। उन्होंने ड्रेस के साथ एक बड़ा, मैचिंग बरगंडी टर्बन या हेड रैप पहना था। सबसे खास बात यह है कि डोएची ने रेड कार्पेट पर नंगे पैर चलना चुना।

**मैडोना** : अमेरिकी सिंगर-एक्ट्रेस मैडोना का लुक भी ध्यान आकर्षित करने वाला रहा। एक लंबी काली सेमी-शीर आउटफिट के साथ एक बड़े ग्रे कलर रंग का पारदर्शी घूंघट है जो उनके चारों ओर फैला हुआ है। इसके साथ उन्होंने एक काली टॉप हैट पहनी है, जो एक ऊंचे, विस्तृत मूर्तिकलानुमा हेडपीस का आधार है।



**जेनेल मोने** : सिंगर-रैपर व एक्ट्रेस जेनेल मोने मेट गाला की रेड कार्पेट पर अनोखे आउटफिट में पहुंचीं। उन्होंने एक अनोखा गाउन पहना, जो प्रकृति और टेक्नोलॉजी को दिखाता है। इस फ्लोर-लेंथ गाउन को असली बिजली के केबल, कंप्यूटर वायरिंग और सर्किट बोर्ड और मदरबोर्ड के कंस्ट्रक्टेड टुकड़ों का उपयोग करके बनाया गया था। इसमें आठ पौधे और असली काई के पैच शामिल थे।



## हॉलीवुड मसाला



### फिल्ममेकिंग करना चाहती हैं

लॉस एंजिल्स। न्यूयॉर्क में आयोजित मेट गाला 2026 में वैसे तो रिहाना से लेकर काइली जेनर और ईशा अंबानी से सबरीना कारपेंटर तक सब पहुंचे, लेकिन अपनी खूबसूरती के कारण मजमा लूट ले गईं निकोल किडमैन की बेटी। 17 साल की संडे रोज़ को देख हर कोई फिदा है। संडे रोज अभी तक फिल्मी दुनिया का पूरी तरह से हिस्सा नहीं बनी हैं। एक इंटरव्यू में संडे रोज ने बताया था कि वह आगे फिल्ममेकर बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'असल में 5 साल की उम्र से ही फिल्ममेकिंग मेरा सपना रहा है।



### क्रिस्टोफर की द ओडिसी का नया ट्रेलर रिलीज...

लॉस एंजिल्स। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी का नया ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें मैट डेमन को ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है और ट्रोजन युद्ध के बाद उनकी खतरनाक घर वापसी की यात्रा को करीब से देखा जा सकता है। यूनिवर्सल पिक्चर्स की यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में ओडीसियस को इथाका राज्य लौटने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जहां उनकी पत्नी पेनेलोप (ऐनी हैथवे द्वारा अभिनीत) और उनके बेटे टेलीमाकस (टॉम हॉलैंड द्वारा अभिनीत) पर खतरा बढ़ता जा रहा है। फिल्म ग्रीक पौराणिक कथा के नायक ओडीसियस की कहानी पर आधारित है। इस किरदार को मैट डेमन ने निभाया है। ट्रेलर में ग्रीक हीरो को लंबी, टॉर्चर और फिक्शनल घर वापसी की यात्रा पर दिखाया गया है।



## इरफान-विद्या की फिल्म द लास्ट टेनेंट...

**मुंबई।** करीब 25 साल पुरानी एक फिल्म आखिरकार अब यूट्यूब पर रिलीज कर दी गई है। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता इरफान खान और विद्या बालन एक साथ नजर आते हैं। ये फिल्म उस समय कुछ कारणों से रिलीज नहीं हो पाई थी, लेकिन हाल ही में इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। दिवंगत एक्टर इरफान खान अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, वहीं विद्या बालन भी बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में कर चुकी हैं। इन दोनों की फिल्म, जो 25 साल पहले शूट हुई थी। उसे मंगलवार को आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का नाम 'द लास्ट टेनेंट'है। यह फिल्म विद्या बालन के करियर के शुरुआती दौर की है, जिसे काफी समय पहले शूट किया गया था। मूवी किसी वजह से रिलीज नहीं हो पाई और करीब दो दशकों से ज्यादा समय तक बंद पड़ी रही।



## धमाल मचाने को तैयार सूर्या और तृषा

**नई दिल्ली।** सूर्या की आगामी फिल्म 'करुप्पु' ने अपनी सेंसर प्रक्रिया पास कर ली है और इसे पास कर दिया गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज होने जा रही है। सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद यह फिल्म अपने तय समय पर रिलीज को तैयार है। इसमें सूर्या के साथ तृषा की जोड़ी जमेगी। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित एक्टर सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' एक एक्शन ड्रामा मूवी है। यह वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। सेंसर प्रक्रिया से गुजरने के बाद फिल्म को 'U/A' सर्टिफिकेट मिल गया है। फिल्म के टीजर और अन्य प्रमोशनल वीडियो ऑनलाइन रिलीज होने के बाद से ही इसने लोगों में काफी दिलचस्पी जगाई है। इस फिल्म में अभिनेत्री तृषा फीमेल लीड रोल कर रही हैं। वे एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनका नाम प्रीति है।

## टीवी मसाला



### राकेश और दिलीप के साथ पोज देते हुए नजर आए मंदार

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में भिड़े मास्टर का रोल करने वाले अभिनेता मंदार चांदवडकर ने दिग्गज कलाकार राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की। इसी के साथ उन्होंने दोनों को 'धुरंधर' और लीजेंड अभिनेता बताया है। मंदार चंदवादकर ने राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। राकेश बेदी हाल ही में 'धुरंधर' फिल्म में जमील जमाली का रोल करके चर्चा में बने हुए हैं। वहीं दिलीप जोशी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो में जेठालाल गड़ा का किरदार निभाया है। तीनों में काफी अच्छी दोस्ती है।मंदार चंदवादकर ने इंस्टाग्राम पर अपने दोस्तों संग इस खास तस्वीर को शेयर किया। इसी के साथ मंदार ने कैप्शन में लिखा, 'धुरंधर 1' और 'धुरंधर 2' के साथ, इन दो दिग्गजों के साथ स्क्रीन पर काम करना बहुत खुशी और मजेदार अनुभव रहा। भगवान का शुक्रिया।' इन तीनों की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। दर्शकों के बीच लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भारत के ज्यादातर घरों में देखा जाता है। यह एक कॉमेडी और फैमिली ड्रामा टीवी शो है। यह शो मुंबई की गोकुलधाम सोसाइटी में रहने वाले परिवारों की मस्ती और रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित है। मंदार चांदवडकर सिर्फ टीवी शो ही नहीं बल्कि थिएटर में भी अच्छा काम करते हैं। उन्होंने अपना खुद का थिएटर ग्रुप बनाया है। वह कई हिंदी-मराठी नाटकों में अभिनय और निर्देशन किया है। उन्होंने 30 से ज्यादा टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

### एक्टिंग छोड़कर अब चुना अध्यात्म का रास्ता

**नई दिल्ली।** टीवी की अभिनेत्री रहीं एना जयसिंघानी इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बारे में अहम खुलासा किया है। जयसिंघानी ने अपने करियर की शुरुआत एकता कपूर के शो से की थी। बाद में उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ दी। अब उन्होंने अध्यात्म का रास्ता चुन लिया है। वह वृंदावन में भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। अन्ना जयसिंघानी एक पूर्व टेलीविजन अभिनेत्री और कोरियोग्राफर हैं। उन्होंने अपनी अभिनय की ट्रेनिंग बालाजी टेलीफिल्म्स से ली थी। यह एकता कपूर का प्रोडक्शन हाउस है। अन्ना को 'देखा एक ख्वाब' जैसे सीरियल्स से काफी शोहरत मिली। वह 'सावधान इंडिया' और 'क्राइम पेट्रोल' जैसे क्राइम-बेस्ड शो में भी नजर आ चुकी हैं। इन शो की मदद से टीवी की दुनिया में उनके करियर को एक नई उड़ान मिली। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से ताल्लुक रखने वाली एना ने हाल ही में यूट्यूब चैनल मेरो वृंदावन के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने अपना जीवन कृष्ण भक्ति को समर्पित कर दिया है।



## विक्की बनेंगे चौथे इडियट! 10 साल आगे बढ़ेगी कहानी

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक को आखिरकार सीक्वल मिल रहा है और इसके साथ ही इसकी कास्ट में एक बड़ा नया नाम जुड़ सकता है। हाल ही में आई खबरों के अनुसार, राजकुमार हिरानी की 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल '4 इडियट्स' में शामिल होने के लिए विक्की कौशल से बातचीत चल रही है। एक्टर को चौथे इडियट के रोल के लिए चुना जा रहा है, जिसके बाद वह आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी के साथ जुड़ेंगे। यह बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी कास्टिंग में से एक साबित हो रही है। विक्की कौशल से न केवल इस रोल के लिए संपर्क किया गया है, बल्कि उन्होंने इसमें इंट्रेस्ट भी दिखाया है। उम्मीद है कि उनका किरदार कहानी में एक नया इमोशनल फैक्टर जोड़ेगा और केमिस्ट्री को और मजबूत करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विक्की कौशल आमिर खान के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और उस मशहूर फिल्म का हिस्सा बनना चाहते हैं जिसे हर कोई याद रखता है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि विक्की कौशल इससे पहले निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ 'संजू' (2018) और 'डंकी' (2023) दोनों फिल्मों में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बातचीत शुरुआत के फेज से काफी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि कई मीटिंग्स हो चुकी हैं और विक्की कौशल ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि '4 इडियट्स' के लिए पूरी तरह से श्योर होने से पहले, विक्की कौशल को 'महावतार' पर अपना काम पूरा करना होगा, जिसके लिए एक शूटिंग शेड्यूल की जरूरत है और जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म पर काम लगातार जारी है। डायरेक्टर राजकुमार हिरानी अपने लंबे समय के सहयोगी और लेखक अभिजात जोशी के साथ कहानी पर काम कर रहे हैं। '4 इडियट्स' पर काम 2027 से शुरू होने की उम्मीद है।




### 4 इडियट्स की क्या होगी कहानी?

आमिर खान ने हाल ही में अमर उजाला को दिए एक इंटरव्यू में इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि की। आमिर खान ने खुद कहानी के बारे में एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि यह फिल्म '3 इडियट्स' के अंत से दस साल आगे की कहानी है। इस समय के गैप में यह दिखाया जाएगा कि बीते साल में इन किरदारों में क्या बदलाव आए हैं, साथ ही नए संघर्ष और चुनौतियां भी सामने आएंगी। बताया जा रहा है कि आमिर '4 इडियट्स' पर काम शुरू करने से पहले एक और फिल्म पूरी कर रहे हैं, ताकि उनकी फिल्म बाकी कलाकारों के साथ तालमेल बिठा सके।

## भूतिया महल की कहानी को लेकर लौटे मिमोह, हॉन्टेड 3डी का टीजर आउट...

**मुंबई।** 1920 और शापित जैसी हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट की 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक हॉरर फिल्म है। इसके साथ ही निर्माताओं ने अपनी नई हॉरर फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्ममेकर्स ने आज 5 मई मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का टीजर रिलीज कर दिया है। 'हॉन्टेड 3डी' के टीजर की शुरुआत एक कार में सुनसान सड़क पर मिमोह चक्रवर्ती को गाड़ी में बैठे दिखाया जाता है, जिसका यह सफर एक महल पर जाकर रुकता है। महल में पहुंचते ही कुछ अजीब घटनाएं होनी शुरू हो जाती हैं, जिसके बाद चेतना पांडे की एंट्री होती है। टीजर में रहस्यों से पर्दा नहीं उठाया गया है, लेकिन कई सींस देखने में बेहद डरावने और रोंगटे खड़े करने वाले हैं। निर्देशक विक्रम भट्ट की फिल्म 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा। पहले यह फिल्म 21 नवंबर, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म की रिलीज को बदलकर 30 जनवरी 2026 और फिर 6 फरवरी 2026 तक टाल दिया गया। अब मेकर्स ने फिल्म को 12 जून को रिलीज करने का फैसला किया है। 'हॉन्टेड 3डी' में मिमोह चक्रवर्ती और चेतना पांडे मुख्य भूमिका में हैं। इन दोंनों के अलावा फिल्म में श्रुति प्रकाश, गौरव बाजपेयी, प्रणीत भट्ट और हेमंत पांडे हैं।



## धमाकेदार है ये वीक, लुक्खे से डकैत तक

# ओटीटी पर दस्तक देंगी ये रोमांचक फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। बीते हफ्ते सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें 'राजा शिवाजी' सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रही है। इसके अलावा रोमांटिक फिल्म 'एक दिन' ने भी दस्तक दी। वहीं, ओटीटी पर भी बीता वीक कम दिलचस्प नहीं रहा। हालांकि, घर बैठे कुछ दिलचस्प देखने वालों के लिए यह वीक भी निराश नहीं करेगा।*

### लुक्खे सीरीज



वेब सीरीज 'लुक्खे' इस वीक रिलीज हो रही है। यह एक म्यूजिक क्राइम-सस्पेंस सीरीज है। इसमें राशि खन्ना, पलक तिवारी, किंग जैसे सितारे हैं। किंग इसके जरिए एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। राशि खन्ना खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। वे पुलिस ऑफिसर गुरबानी का रोल निभा रही हैं। क्राइम, ड्रग्स, म्यूजिक और बदले की भावना पर आधारित इस सीरीज में एक्शन भी भरपूर है। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। वेब सीरीज 'लुक्खे' 08 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

### डकैत



सिनेमाघरों के बाद फिल्म 'डकैत' अब ओटीटी पर आ रही है। आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 8 मई 2026 से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मगर, 'धुरंधर 2' और 'भूत बंगला' जैसी फिल्मों के सामने टिक नहीं पाई।

### लव इंश्योरेंस कंपनी



यह तमिल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 10 अप्रैल 2026 को यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। 6 मई 2026 से यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

### वाझा 2



मलयालम फिल्म वाझा 2 सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 2 अप्रैल 2026 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 200 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। दर्शकों से इसे खूब प्यार मिला। सविन एसए के निर्देशन में बनी यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। यह साल 2024 की हिट फिल्म का सीक्वल है। 08 मई से वाझा 2 को जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। यह फिल्म चार दोस्तों के जीवन पर आधारित है।

## खबर संक्षेप

### टॉपर छात्र छात्राओं को लैपटॉप भेंटकर किया सम्मानित



अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में जिले में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को कलेक्टर अजीत वसंत ने सम्मानित किया। 10वीं की परीक्षा में प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर की छात्रा ज्योति साहू 97.33 प्रतिशत के साथ जिले में अव्वल रहीं। वहीं मल्टीपरपज स्कूल के छात्र बाबा आशीष केरकेट्टा ने 12 वीं कक्षा में 94.4 प्रतिशत अंक के साथ जिले में अव्वल स्थान प्राप्त किया। दोनों अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ मंगलवार को कलेक्टर श्री वसंत से मिलने कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर ने दोनों को लैपटॉप भेंट कर सम्मानित किया। कलेक्टर के पूछने पर बाबा आशीष ने आगे सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की इच्छा जाहिर की, वहीं ज्योति ने बताया कि 11 वीं में मैथ्स लेकर वह इंजीनियर बनना चाहती हैं। कलेक्टर श्री वसंत ने दोनों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा इसी प्रकार आगे भी कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल करने प्रेरित किया। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ललित शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा, रविशंकर पाण्डे उपस्थित रहे।

### जिले में 11 तक चलेगा खाद्य सुरक्षा का विशेष अभियान

**बलरामपुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर राजेन्द्र कटारा मार्गदर्शन में जिले में सही दवा शुद्ध आहार यही है छत्तीसगढ़ का आधार के थीम के अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन के द्वारा जिले के नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण औषधि और खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। शुद्ध दवा सही आहार यही है छत्तीसगढ़ का आधार के साथ यह अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक जारी रहेगा। अभियान में अब तक सभी विकासखण्डों में समस्त खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन जांच एवं निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्ट्रीटवेन्डर, भोजनालय, ढ़ाबा, बेकरी, मिठाई दुकान, खाद्य विनिर्माण का निरीक्षण किया गया। साथ ही प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई रखने शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, खाद्य पदार्थों को ढ़क कर रखने, गुणवतापूर्ण सामाग्री विक्रय करने जागरूक किया गया।

### राजसात किए गए चावल की नीलामी 11 को

**अम्बिकापुर।** खाद्य अधिकारी ने बताया कि न्यायालय कलेक्टर सरगुजा द्वारा आदेश पारित एवं घोषित करते हुए एफआरके. मिश्रित चावल 12-13 बोरी चावल के राजसात करने का आदेश दिया गया है। उक्त चावल स्टेटवेयर हाउस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, चठिरमा गोदाम में सुरक्षित भण्डारित है। जिसकी 11 मई को नीलामी की कार्यवाही की जानी है।

## 2 ग्रामीणों की मौत, 9 की हालत गंभीर

# चौथी कार्यक्रम से लौट रहे ग्रामीणों से भरा तेज रफ्तार पिकअप मोहरसोप घाट पर पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चौथी कार्यक्रम से लौट रहे ग्रामीणों से भरा तेज रफ्तार पिकअप दूरस्थ ग्राम मोहरसोप घाटी पर अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल दो सदस्य सूरजपुर जिला अस्पताल में जीवन व मौत से जूझ रहे है। दुर्घटना में घायल अन्य ग्रामीणों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं बैढ़न के अस्पतालों में चल रहा है।

**खास बात**
- पिकअप में सवार थे पण्डो समुदाय के 30 लोग

ग्राम पंचायत बिहारपुर अंतर्गत कल्सोपारा निवासी दासाराम पण्डो की पुत्री का विवाह हाल ही में कोरिया जिलान्तर्गत ग्राम सेमरिया में हुई थी। सोमवार को परिवार के सदस्य बोलेरो एवं पिकअप में सवार होकर बेटी के ससुराल चौथी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। पिकअप क्रमांक एमपी 66 जी 0850 का चालक वाहन में 30 ग्रामीणों को भेड़-बकरियों की तरह ठूंसकर मुख्यमार्ग से न जाकर बिहारपुर, महुली, उमझर, रसौकी स्थित जंगल के कच्चे रास्ते से ग्रामीणों को लेकर ग्राम सेमरिया पहुंचा था। बेटी की ससुराल पहुंचकर परिवार के सदस्य एवं रिश्तेदार चौथी कार्यक्रम में शामिल हुए एवं भोजन उपरांत देर रात लगभग 10 बजे बेटी को साथ लेकर घर के लिए रवाना हुए। बोलेरो में नवविवाहिता सहित परिवार के कुछ बच्चे व महिलाएं सवार थी जबकि पिकअप पर परिवार के सदस्य एवं रिश्तेदार सवार थे। सोमवार की शाम क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई थी तथा विलम्ब होने क कारण चालक तेज गति से वाहन चला रहा था। इस दौरान रसौकी से एक किमी दूरी पर स्थित पहाड़ी घाट पर तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण पिकअप सवार दूर जा गिरे। गंभीर चोटें लगने के कारण ग्रामीण चीखने-चिल्लाने लगे। ग्रामीणों का शोर सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे तथा दुर्घटना की सूचना मोहरसोप पुलिस को दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि सीताकुंवर पण्डो (24 वर्ष) पति हरिचरण पण्डो एवं रामशरण पण्डो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि 23 ग्रामीण घायल हो गए। घायलों में 7 लोगों को गंभीर चोटें आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर भेजवाया तथा मृतकों का शव मरच्यूरी में रखवाया। इस दौरान दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ग्रामीणों को रोते-बिलखते देख ग्राम बेगारीडांड निवासी चालक विकास गुप्ता घटनास्थल से फरार हो गया है। मोहरसोप पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) एवं 106 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। चौकी प्रभारी कमलेश पाठक ने बताया कि फरार चालक को तलाशा जा रहा है साथ ही दुर्घटनाकारी पिकअप को जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है।



घायलों को अस्पताल ले जाते ग्रामीण।

### सीएचसी में 16 घायल भर्ती

दुर्घटना में घायल 16 लोगों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर में चल रहा है। घायलों में 10 महिलाएं भी शामिल हैं जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। दुर्घटना में घायल 29 ग्रामीणों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया था जबकि सात घायलों को मंगलवार को रिफर किया गया। गनीमत है कि लौटते समय कुछ महिलाओं एवं बच्चों को परिजन ने पिकअप से उतारकर बोलेरो में बैठा दिया था अन्यथा मृतकों एवं घायलों की संख्या बढ़ सकती थी। नव विवाहिता के पिता सहित परिवार के अन्य सदस्य भी पिकअप में सवार थे।

### इनकी हालत गंभीर

दुर्घटना में घायल रामानंद पाण्डो (27वर्ष), हरिचरण पण्डो (27वर्ष), रामछोड़न पण्डो (42वर्ष), श्रीमती जन्मोदी पण्डो (40वर्ष), मेहीलाल पण्डो (18वर्ष), राम बहादुर पण्डो (35वर्ष) एवं श्रीमती परसोदी पण्डो (30वर्ष) की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल सूरजपुर एवं सीमावर्ती बैढ़न जिला अस्पताल रिफर किया है। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल हरिचरण पण्डो (27वर्ष) एवं रामशरण पण्डो (30वर्ष) की गंभीर स्थिति को देखते हुए रात में ही जिला अस्पताल सूरजपुर रिफर कर दिया था। मालूम हो कि गंभीर रूप से घायल हरिचरण की पत्नी सीता कुंवर (24वर्ष) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। मृतिका सीताकुंवर का 2 साल का एक पुत्र है। मां की मौत एवं पिता के गंभीर रूप से घायल होने के बाद 2 वर्षीय बालक की देखरेख गांव के दूसरे लोग कर रहे हैं।

### शासन के निर्देशों की हो रही अवहेलना

शासन ने मालवाहकों का उपयोग यात्रियों के परिवहन हेतु नहीं करने के संबंध में कड़े निर्देश जारी किए है। मामले में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने भी इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। शासन-प्रशासन के कड़े निर्देश एवं आए दिन भीषण दुर्घटनाएं होने के बावजूद वाहन स्वामी एवं ग्रामीण सीख नहीं ले रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में पिकअप एवं ट्रैक्टर का उपयोग बारातियों के परिवहन के लिए किया जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई से बचने चालक जंगल के रास्ते बारातियों का परिवहन कर रहे हैं। बीती रात पिकअप पलटने की घटना गुरूघासीदास नेशनल पार्क के भीतर हुई है। क्षेत्र में दूरसंचार, सड़क एवं बिजली सुविधा नहीं होने के कारण पुलिस अमले को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऐसे वाहन चालकों एवं स्वामियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई नहीं होने के कारण मालवाहक वाहनों से बारातियों का अवैध परिवहन करने की घटनाएं नहीं रूक रही है।

### खतरे से बाहर घायल

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती सभी 16 घायलों का स्वास्थ्य सामान्य है तथा सभी खतरे से बाहर हैं। गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को रात में ही जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया था जबकि 7 घायलों को मंगलवार को रिफर किया गया है।

## भाजपा ने मनाया जीत का जश्न



**अम्बिकापुर/ सूरजपुर।** देश के विभिन्न राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिली महत्वपूर्ण चुनावी सफलता के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ में भी उत्सव का माहौल रहा। इसी कड़ी में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिला भाजपा जिला कार्यालय तथा अग्रसेन चौक में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जीत का जश्न मनाया।

इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि यह जनादेश भाजपा की नीतियों, विकास कार्यों और सुशासन के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने सदैव जनसेवा को प्राथमिकता दी है और यही कारण है कि देश के विभिन्न हिस्सों में जनता का समर्थन निरंतर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही झालमुड़ी का आनंद लेते हुए कार्यकर्ताओं ने अपनी प्रसन्नता साझा की। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### ऐतिहासिक जीत पर आतिशबाजी



प्रतापपुर। भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं झलमुरी खिला कर जश्न बनाया। भाजपा मंडल प्रतापपुर अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर जमकर आतिशबाजी करते हुए लोगों को झलमुरी खिलाया। इस अवसर पर मुकेश अग्रवाल ने कहा कि यह विजय केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि देश के यशस्वी नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों और संगठन की अथक मेहनत का प्रतिफल है। भारतीय जनता पार्टी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को साकार करते हुए जन-जन का भरोसा जीता है। भाजपा मंडल प्रतापपुर के कार्यकर्ताओं ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान निरंजन दास कनौजिया, सिंघाचान सिंह, शिव शंकर जायसवाल, प्रेमपाल अग्रवाल, सूर्यदेव जायसवाल, अक्षय तिवारी, अवधेश पाण्डेय,रामरतन गुप्ता, अजीत शरण सिंह, मानती सिंह, सीता पैकरा, ललती सिंह, आनंद शुक्ला, विक्रम नामदेव, विक्रम सिंह, ललमेन पैकरा, विनोद श्रेष्ठ, चंद्रिका यादव, नीलम रजक, गीतां सिंह, नीलम श्रीवास, अजय सिंह, संदीप रजक, योगेंद्र सिंह, विनोद जायसवाल, आर्यन दुबे, धर्मेन्द्र श्रीवास, विजेंदर कश्यप, राहुल तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तालाब के संरक्षण की जरुरत...



बैकुण्ठपुर। जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत ग्राम पहाड़पारा में स्थित यह तालाब पूरी तरह से सूख गया और आधे से कम हिस्से में बेशरम की झाड़ियां उग आई हैं, जिन्हें बरसात के पूर्व सफाई किए जाने की जरूरत हैं।

### प्रज्वल राज्य स्तरीय अंडर 7 की शतरंज स्पर्धा में बने चैंपियन

अंबिकापुर। शतरंज के उभरते खिलाड़ी प्रज्वल पाण्डेय ने रायपुर में आयोजित अंडर -7 आयु वर्ग की राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता जीती है। उन्होंने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मैच जीते। छत्तीसगढ़ शतरंज संघ द्वारा 2 एवं 3 मई की आयोजित 7 वर्ष आयु वर्ग की राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा आयोजित की गई थी जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 47 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता में 6 चक्र खेले गए जिसमे अंबिकापुर के 7 वर्षीय प्रज्वल पाण्डेय ने अपने सभी 6 मैच जीत कर विजेता बने। इस जीत से इनका चयन आगामी जून में महाराष्ट्र में आयोजित 7वर्ष आयु वर्ग की राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया गया है।



## पृष्ठ 1 का शेष

### शौच के लिए निकले...

जा रही है और आसपास के जंगलों में निगरानी बढ़ा दी गई है। साथ ही पिंजरा लगाने की तैयारी भी की जा रही है, ताकि तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। प्रशासन की ओर से भी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अकेले घर से बाहर न निकलें, खासकर रात के समय सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत वन विभाग को दें। फिलहाल इस घटना के बाद गांव में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों को अब वन विभाग की कार्रवाई का इंतजार है, ताकि इलाके में फिर से सामान्य स्थिति बहाल हो।

### वाटर प्लांट और...

टीम ने दवा दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नारकोटिक्स एवं शेड्यूल दवाओं के विक्रय से संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि इन दवाओं का विक्रय केवल वैध चिकित्सकीय प्रिस्क्रिप्शन पर ही किया जाए और सभी रिकॉर्ड अद्यतन रखे जाएं। इसके अलावा वैक्सीन एवं तापमान-संवेदनशील दवाओं के भंडारण के लिए 2 प्वाइंट सी से 8 प्वाइंट सी तापमान बनाए रखने तथा कोल्ड चेन प्रणाली का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एक्सपायरी दवाओं को अलग रखने, अधिकृत डीलरों से ही खरीदी करने और स्वच्छता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

### मिश्रित फलदार पौधरोपण...

लगभग 5 साल में लगाए गए पौधे नजर नहीं आते जमीन सूखी पड़ी है। जानकारी के अनुसार ग्राम आनंदपुर में 19.44 लाख रूपए की लागत से मिश्रित फलदार पौधे रोपने के कार्य के लिए एजेंसी ग्राम पंचायत नौगई को बनाया गया था, पौधरोपण स्थल पर आज खाली भूमि ही दिखाई देती है, फलदार पौधे एक भी दिखाई नहीं देते।

### जनसमस्या निवारण शिविर...

कार्यक्रम में शामिल होकर गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह भी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में शुगर, बीपी सहित अन्य बीमारियों की निःशुल्क जांच की गई। पशुपालन विभाग ने बकरी, कुक्कुट पालन, दुग्ध उत्पादन और पशु रोगों से बचाव की जानकारी दी। पुलिस विभाग ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की। वहीं उद्योग विभाग ने विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत उपलब्ध ऋण की जानकारी दी। शिविर स्थल पर शासकीय योजनाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई, जिसने लोगों का ध्यानाकर्षित किया। क्लस्टर स्तर पर आयोजित इस शिविर में पटमा, गणेशपुर, जिलीबांध, तामडांड, कदमबहरा, बंजारीडांड, गढ़तर, गोविंदपुर, सोंस, करवां, चिरमी, पडिता, खंधौरा और इंदरपुर सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित रहे और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनपद पंचायत बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.पन्ना ने जानकारी दी कि शिविर में कुल 514 आवेदन प्राप्त हुए, महतारी वंदन योजना के तहत काफी संख्या में महिलाओं ने शिविर स्थल पर ही ई-केवाईसी कराया, जबकि आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं आधार से संबंधित सेवाओं के लिए भी लोगों की भीड़ देखी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जनपद अध्यक्ष, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैद्य, एसडीएम बैकुंठपुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### एक ही जिले में...

को काम पर जाने के लिए घर से निकली थी, वह भी आज तक वापस नहीं लौटी। इन सभी मामलों में परिजन द्वारा रिश्तेदारों, परिचितों एवं संभावित स्थानों पर लगातार खोजबीन की गई, लेकिन कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई। पुलिस ने भी प्रारंभिक जांच के बाद अब एक बार फिर सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को सतर्क करते हुए खोज अभियान तेज कर दिया है। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को भी इन लापता व्यक्तियों के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त होती है, तो तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस अधीक्षक एमसीबी में तत्काल सूचित करें।







